सार-समाचार

सांसद व जिला प्रमुख ने किया जनसम्पर्क

रेवदर, (नि.सं.)। भटाणा कस्बे में आज शुक्रवार को सांसद लुंबाराम चोधरी एवं जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित ने भटाणा व मकावल डाक घर का औषक निरीक्षण किया। किसानों से रूबर होकर हाल साल जानी। भटाना में ठाकुर मूलराज सिंह देवड़ा के पर उनके निवास स्थान पर जाकर सांत्वना दी। ठाकुर के निवास स्थान पर रेबारी जाति के लोगों ने सांसद को पादर से कतरावाडी, भटाना से पावटी को डामरीकरण से जोड़ने के लिय कहा, तब सांसद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन दो गांवों को डामरीकरण से जोड़ा जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह पिथापुरा, शैतान सिंह देवड़ा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनपत सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह राव, महामंत्री गुलाब सिंह, विक्रम सिंह, दिनेश चौधरी, मोती राम रेबारी, हरजी राम, लुंबा राम, काला राम, रामा राम कातरावडी, दाना राम भील सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। पावटी के लोगों ने बताया कि हमारे गांव में लोगों ने अतिक्रमण कर लिया हैं, उसका सीमाज्ञान करने के लिय आश्वासन दिया। पीडब्ल्यूडी एईन से संपर्क कर बहुत जल्द ही दो गांवों को डामरीकरण से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

जन जागरण के लिए कार्यक्रम हुआ

बालोतरा, (नि.सं.)। भाजपा जिला अध्यक्ष भरत मोदी के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस को लेकर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की प्रतिमा पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश पुरी, कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेश पंजाबी ने बताया कि इस कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में मना रही है। इसी को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय में उनके बलिदान दिवस को भूला नहीं जा सकता। देश हित गौरव गाथा है। उन्होंने देश के लिए अपने प्राण निछावर कर दिया अपने देश और उनकी जन्म देने वाली मां के वचनों को निभाने के लिए देश के लिए शहीद हो गए। सह संयोजक विमल मालवीय ने बताया कि इस कार्यक्रम में वीर बाल दिवस को लेकर बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह की प्रदर्शनी भाजपा जिला कार्यालय के सेमिनार हॉल में लगाई गई। इसका विमोचन पचपदरा विधायक अरुण चौधरी एवं जिला अध्यक्ष भरत मोदी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष खेताराम प्रजापत, महिपाल सिंह करनोत, गणेशाराम जाट, राजूराम जाट, कपिल दवे, महेंद्र लखारा, मिश्रीमल सुथार, घनश्याम प्रजापत, नवरत्न अग्रवाल, गोविंद प्रजापत, वासुदेव अग्रवाल, बजरंग गौड़, सहित कई जने मौजूद रहे।

बच्चों ने महाश्रमण का आशीर्वाद लिया

पाली, (नि.सं.)। तुलसी ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों ने कंटालिया में विराजित आचार्य महाश्रमण के दर्शन किये। ज्ञानशाला संयोजक उषा मरलेचा ने बताया कि ज्ञानशाला की प्रशिक्षिकाओ, ज्ञानार्थी व व्यवस्थापकों की लगभग 60 लोगों की टीम ने आचार्य महाश्रमण के दर्शन किए। प्रवचन के समय एक साथ 31 बच्चों ने अष्टकम का संगान किया व नमस्कार मुद्रा की। आचार्य ने बच्चों को मंगल आशीर्वाद दिया और प्रशिक्षकाओ को कहा कि समय समय पर बच्चों को ऐसे संस्कार देते रहे। दोपहर में सेवा उपासना का सुअवसर प्रदान किया। उसमें ज्ञानशाला संयोजिका उषा मरलेचा ने आचार्य महाश्रमण को ज्ञानशाला संचालन के बारे में जानकारी दी। साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभा, मुख्य मुनि महावीर कुमार के भी दर्शन का सुअवसर प्राप्त हुआ। बच्चों को सिरियारी भिक्षु समाधि के भी दर्शन करवाए गए। बच्चों ने समाधि पर ओम भिक्षु जय भिक्षु का जाप कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गुरु दर्शन यात्रा को सफल बनाने में ज्ञानशाला की प्रशिक्षिकाओं, ज्ञानशाला प्रभारी ललित मांडोत, सह संयोजक रितेश संकलेचा व व्यवस्थापकों का सहयोग रहा।

विधायक भाटी ने पत्रिका का विमोचन

जैसलमेर, (नि.सं.)। पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 2 एमडी महादेव नगर बांकलसर श्री मोहनगढ़ जैसलमेर में पीएम श्री गतिविधि के अंतर्गत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुनहरे विजन पीएम श्री विद्यालय की पीएम श्री पत्रिका के द्वितीय संस्करण का भव्य विमोचन विधायक छोटूसिंह भाटी एवं परसाराम अति जिला कलेक्टर जैसलमेर, सक्षम गोयल उपखंड अधिकारी जैसलमेर, महेशकुमार बिस्सा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक व एडीपीसी जैसलमेर तथा कंवराजसिंह चौहान भाजपा द्वारा किया गया। विधायक भाटी ने विद्यालय द्वारा किए गए इस नवाचार की सराहना करते हुए विद्यालय प्रशासन की प्रशंसा की। विद्यालय के समग्र विकास में सहयोग देने का आश्वासन दिया। संस्था प्रधान स्वरूप सुथार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस पत्रिका के माध्यम से विद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित की गई। समस्त शैक्षिणक, सह-शैक्षिणक एवं नवाचारी गतिविधियों व कार्यक्रमों का समावेश किया गया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले सत्र में पीएम श्री विद्यालय द्वारा प्रकाशित पीएम श्री पत्रिका को राज्य स्तर पर सराहना प्राप्त हुई थी, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का स्वागत

जोधपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा संक्षित प्रवास पर जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी,बिलाड़ा विधायक अर्जुन लाल गर्ग, पूर्व राज्य मंत्री प्रो महेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व राज्यमंत्री मेघराज लोहिया, राजेंद्र पालीवाल, त्रिभुवन सिंह भाटी, बीरमदेव, पूर्व जिला प्रमुख पूना राम चौधरी, जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल, सीईओ जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कई संस्था-संगठनों ने उन्हें ज्ञापन सौंपे। राजस्थान में पैरामेडिकल एवं नर्सिंग संवर्ग की भर्तियों को लेकर उत्पन्न गंभीर स्थिति के संबंध में पैरामेडिकल भर्ती संघर्ष समिति 2025 के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर राज्य के हजारों कार्यरत संविदा व निविदा कार्मिकों एवं बेरोजगार युवाओं की पीड़ा से अवगत कराया।

आयुर्वेद विश्वविद्यालय का मेले में सहयोग

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विशविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वैद्य गोविंद सहाय शुक्ल के निर्देशन में रावण का चबूतरा में चल रहे पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उद्योग 2026 में जन सामान्य के लिए स्वास्थ्य सेवाएं पंचकर्म चिकित्सा, प्रकृति परीक्षण एवं नाडी परीक्षण, स्वर्णप्रशन, नशामुक्ति सामान्य चिकित्सा, होम्योपैथी चिकित्सा, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा आदि विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है। कुलगुरु ने मेला स्थल पर पहुंचकर आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले में आयुर्वेद सामान्य चिकित्सा में 52 बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाई। 92 लोगों का प्रकृति परीक्षण किया। 72 लोगों ने होम्योपैथी चिकित्सा तथा 68 लोगो ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाया।

भामाशाह के सहयोग से आंखों का शिविर

रेवदर, (नि.सं.)। मलावा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन समाजसेवी हड़मतसिंह चारण द्वारा ग्लोबल नेत्र हॉस्पिटल आबूरोड तलहटी के सहयोग से निशुल्क शिविर का आयोजन करवाया गया। जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक त्रिलोचन साहू द्वारा जांच की गई जिसमें 140 मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला उसमें से मोतियाबिंद के 22 मरीज निकले 17 मरीजों को सफल ऑपरेशन करने हेतु ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया। जांच शिविर में भामाशाह हड़मतसिंह, मुरारदान, बलवंत दान, विजयकरण, केसर पुरी, करसन पूरी, कृष्णपूरी पुजारी, अचलाराम राणा, कालाराम मेघवाल, कालूराम चौधरी ,बाबूराम चौधरी, उमाराम चौधरी जगदीश मेघवाल रेवाराम मेघवाल सहित कई जने उपस्थित रहे। ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, पिन्टू मेघवाल, रामलाल ,हेमंत, लीलाकुमारी आदि उपस्थित रहे । इस अवसर पर मलावा, डेरोल,भामरा, विकनवास ,धाण, वाडका सहित आस पास के गांवों के लोगों ने भाग लिया

जोधपुर वस्त्र व्यापार संघ चुनाव 29 को

जोधपुर,(कासं)। श्री जोधपुर वस्त्र व्यापार संघ के द्विवार्षिक चुनाव 29 दिसंबर को सुखेश्वर बाडी में होंगे। चुनाव संयोजक जैनेन्द्र जैन व सह संयोजक महावीर कोठारी ने बताया कि श्री जोधपुर वस्त्र व्यापार संघ (रजि.) के 27 सदस्यों की कार्यकारिणी के चुनाव 29 दिसंबर को शहर के भीतरी क्षेत्र डबगरों की गली में स्थित सुखेश्वर बाडी में सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक होंगे जिसमें नाम वापिस लेने के पश्चात वस्त्र व्यापार से जुड़े कुल 48 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। उन्होंने बताया कि 546 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 27 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करेंगे। मतगणना बाद परिणाम 30 दिसम्बर को घोषित किए जाएंगे।

सुमेरपुर क्षेत्र के चार गांव में विकास रथ यात्रा ने दी दस्तक

पाली/सुमेरपुर,(नि.सं.)। राज्य सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास रथ यात्रा ने शुक्रवार को एक साथ चार ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर दस्तक दी।

पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरवा, लाम्बीया, बणियावास व बोमादड़ा में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान रथ पर लगी विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वक्तव्यों और संदेशों को सुना। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री के विकसित राजस्थान के संकल्प को ग्रामीणों ने पूरी तन्मयता के साथ सुना। संदेश में स्पष्ट किया गया कि सरकार की योजनाएं किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रेरित हैं।

एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित लघु फिल्मों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जल जीवन मिशन, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि और स्वास्थ्य बीमा की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने देखा कि कैसे तकनीक और पारदर्शिता के माध्यम से सरकार ने बिचौलियों को हटाकर सीधा लाभ आम आदमी की जेब तक पहुंचाया है। गांवों में उपस्थित बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने इसे सुशासन का प्रत्यक्ष प्रमाण बताया।

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया जन संवाद

यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। खासकर इन कार्यक्रमों में स्थानीय विधायक पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने सहभागिता कर आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित किया कि वे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संदेश को केवल सुनें नहीं, बल्कि योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाएं। अधिकारियों ने मौके पर ही ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया समझाई। विकास रथ यात्रा के खैरवा, लाम्बीया, बणियावास और व बोमादड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों ने रथ का स्वागत किया।

इस दौरान किसान नेता पुखराज पटेल, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भंवर सिरवी, निजि सहायक डीआर चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह सिरवी, प्रभारी सुमेरपुर पूनम सिंह परमार, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर सिंह राजपुरोहित, मुकेश मोदी, पूर्व उप जिला प्रमुख नवल किशोर रावल, लाम्बीया सरपंच मदन मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य ओमकार, रथ प्रभारी मेघाराम आदि भी मौजूद रहे।

जालोर में हिन्दू युवा संगठन की बैठक आयोजित

जालोर, (नि.सं.)। हिन्दू युवा संगठन संस्था की बैठक संस्था कार्यालय में संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी की अध्यक्षता में रात्रि 8 बजे आयोजित की गई।

नगर अध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह बगेडिया ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025 के आय व्यय का ब्योरा संस्था के कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला ने सभा में प्रस्तुत किया गया।

बैठक में सभी ने अपने विचार रखे। संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने आगामी कार्याक्रमों की रूपरेखा बताई एवं आगामी युवा सप्ताह के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। वहीं संस्था के विस्तार एवं जालोर जिला सहित आस पास के जिलों में संस्था के नवीन कार्यकारिणी हेतु अपने विचार रखे। संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार ने 27 दिसम्बर 2025 को गुरू गोविन्दसिंह जयंती, 3 जनवरी 2026 को सावित्रि बाई फुले जयंती एवं 12 जनवरी से स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाने एवं युवा सप्ताह को लेकर विभिन्न कार्यकमों के बारे में चर्चा की गई। दिलीप भट्ट ने सदस्यता अभियान चलाने पर बात कही। बैठक में अमन मेहता, दिनेश महावर, मंयक देवडा ने कार्यकम को बेहतर करने हेतु अपने सुझाव रखे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 जनवरी 2026 से स्वामी विवेकानन्द जयंती को लेकर युवा सप्ताह का आयोजन होगा। इन दिनों में अलग अलग स्थानों पर कार्यकम किये जावेगे। साथ ही युवा सप्ताह को लेकर पोस्टर व बैनर बनाने पर निर्णय लिया गया। मूलाराम प्रजातप ने युवा सप्ताह को लेकर अपने विचार व्यक्त किये एवं युवा सप्ताह का समापन व सम्मान समारोह को लेकर अपने सुझाव दिये। साथ ही युवा सप्ताह में एक दिन केरियर गाईडेन्स एवं मोटिवेशन शिविर रखने पर अपना सुझाव दिया। वहीं आगामी बैठक में युवा सप्ताह को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया जावेगा जिसमें सभी कार्यक्रम तय कर रूपरेखा बनाई जावेगी।

संस्था महामंत्री ने बताया कि दिनांक 27.12.2025 शनिवार को प्रात: 10.00 बजे संस्था कार्यालय में सिखों के दशवे व अंतिम गुरू गोविन्दसिंह की जयंती के अवसर पर पुष्पाजंली व संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी, संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार, संस्था कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला, कार्यकारिणी सदस्य मूलाराम प्रजापत, अमन देवेन्द्र मेहता, दिनेश महावर, महेन्द्र राठोड, मंयक देवडा, नगर अध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह बगेडिया, दिलीप भट्ट, पारस मेघवाल, अचलसिंह परिहार, सुरेश सुन्देशा सहित कार्यकारिणी सदस्य व नगर टीम उपस्थित थे।

तालाबंदी की चेतावनी दी

रेवदर, (नि.सं.)। रेवदर आबूरोड के ग्राम सेवा सहकारी समितियां और कृषि क्रय विक्रय सहकारी समितियां के अध्यक्ष और व्यवस्थापकों ने शुक्रवार को रेप्ड डाक बंगले में मीटिंग कर रहे थे डाक बंगले से एसडीएम ऑफिस तक जुलूस निकालकर कृषि विभाग अधिकारियों के विरुद्ध प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया ओर चेतावनी दी कि 3 दिन में मांगे नहीं मांगने पर अनिश्चितकालीन जीएसएस कार्यालय पर तालाबंदी की जाएगी।

रेवदर विधायक मोतीलाल कोली मगरीवाडा जीएसएस अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह रेवदर, आबूरोड सहकारी समिति अध्यक्ष अमित जोशी, जीरावल अध्यक्ष बलवंत सिंह देवड़ा की अगुवाई में हुई बैठक में चर्चा की गई की कृषि विभाग में एक तरफा कार्रवाई करते हुए ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड जीरावल लाइसेंस निलंबित किया गया है जबकि कृषि विभाग रोजाना नए-नए आदेश ठोक कर सहकारी समितियो पर अंकुश लगाने में लगा हुआ है, जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है।

महाधिवेशन 9 से

जोधपुर, (कासं)। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सान्निध्य व पश्चिमी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के आतिथ्य और जोधपुर माहेश्वरी सभा की ओर 9 से 11 जनवरी तक जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन व ग्लोबल एक्सपो का आयोजन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा।

इसमें देश-विदेश के हजारों उद्यमी, स्टार्टअप्स, बिजनेस टाइकून, स्थापित बिजनेसमैन शामिल होंगे। एक्सपो के लिए बीस बीघा यानि 3 लाख वर्गफीट एरिया आरक्षित किया है। इस एरिया में 11 विशालतम पंडाल बनेंगे जिनमें प्री फैब्स वाल्स से 750 स्टॉल्स का निर्माण किया जा रहा है। आम आदमी को विश्व स्तरीय उत्पादों को देखने, समझने व खरीदने का अवसर मिलेगा। देश-विदेश के के प्रमुख औद्योगिक घरानों सहित नामचीन कम्पनियों के उत्पादक शामिल होंगे।

जोधपुर में एक नाबालिग सहित तीन युवती लापता

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में एक नाबालिग सहित तीन युवतियों के गायब होने का मामला सामना आया है। तीन थाना इलाकों से अलग-अलग युवतियों के लापता होने के मुकदमे दर्ज हुए है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार शहर के निकट भूरी बेरी स्थित अक्षरधाम में दर्शन करने गई एक युवती वापस अपने घर नहीं पहुंची। परिजनों ने दो दिन तक उसे रिश्तेदारों के यहां ढूंढा, मगर वह नहीं मिली, इस पर परेशान अब पिता ने उसकी गुमशुदगी सूरसागर थाने में दी है। दूसरी तरफ एक किशोरी आखलिया के पास से लापता हो गई। उसको एक युवक द्वारा भगाने की आशंका में नामजद रिपोर्ट हुई है।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि जालेली चंपावतान डांगियावास निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री दो दिन पहले अक्षरधाम भूरी बेरी आई थी, मगर वह वापिस घर नहीं पहुंची। उसके रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश करवाई गई, मगर वह नहीं मिली। पिता ने अब गुमशुदगी की रिपोर्ट दी है। फिलहाल युवती का पता नहीं चला है।

दूसरी तरफ आखलिया चौराहा के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने प्रतापनगर सदर पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 24 दिसम्बर को घर से दवाई लेने के लिए निकली थी, मगर वह वापिस घर नहीं लौटी। उसकी परिचितों और रिश्तेदारों के यहां भी तलाश करवाई गई। वह नहीं मिली। किशोरी के पिता ने रेहान नाम के युवक पर पुत्री को भगा ले जाने का अंदेशा जताया है।

तीसरा मामला खांडा फलसा थाने में सामने आया है। यहां रहने वाले 26 वर्षीय व्यक्ति ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी पत्नी अस्पताल में जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन फिर अस्पताल से वापस नहीं लौटी। तलाश करने पर भी कहीं पता नहीं चला। तीनों मामलों में तीन थाना इलाकों की पुलिस युवतियों की तलाश में जुट गई है।

विकास रथ से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

पाली,(नि.सं.)। राज्य सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ जागरूकता वाहनों के माध्यम से ग्रामवासियों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इन जागरूकता रथों के जरिए ग्रामीणों, जरूरतमंदों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया।

विकास रथ में स्थापित एलईडी वॉल के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। साथ ही मौके पर उपस्थित नागरिकों को सरकार द्वारा प्रकाशित पोस्टर, फोल्डर, बुकलेट तथा विधानसभा वार प्रकाशित पुस्तिकाओं का वितरण कर विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति योजनाओं से जुड़ सकें।

सोजत विधानसभा क्षेत्र के रायपुर उपखंड अंतर्गत लिलाम्बा, आकेली, कुशालपुरा, झुंठा एवं पिपलिया कलां गांवों में विकास रथ का संचालन किया गया। इसी प्रकार पाली विधानसभा क्षेत्र के रोहट उपखंड के गेलावास, दिवांदी, धोलेरिया शासन एवं खुण्डाला के पास के क्षेत्रों में जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के खैरवा, लाम्बिया, बाणियावास एवं बोमादड़ा ग्रामों में भी विकास रथ पहुंचा। इसके अतिरिक्त मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र के रानी उपखंड के कुन्दनमल कॉलोनी, केरली, सांवलता, पिलोवनी, खिंवाड़ा एवं गजनीपुरा गांवों तथा बाली विधानसभा क्षेत्र के दादाई, कोटड़ी, ढालोप, सिन्दरली, बडोद, मौरखा, मादा, माण्डीगढ़, गुड़ा जाटान, आना एवं नाडोल ग्रामों में भी जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीणजनों को योजनाओं में पंजीकरण एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जागरूकता वाहन रथ कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ना एवं लाभान्वित करना है।

हाजी मोहम्मद अयुब जमावत अध्यक्ष बने

बालोतरा, (नि.सं.)। कुरैशी महासभा विकास संस्थान बालोतरा का गठन कर सर्वसम्मति से हाजी मोहम्मद अयुब जमावत को संस्थान का अध्यक्ष चुना। उपाध्यक्ष अब्दुल गफूर बोवड़ी, मोहम्मद बिलाल बोवड़ी एवं मुस्ताक अली चौहान को चुना।

सचिव मोहम्मद अकरम जमावत को, सह सचिव मोहम्मद शरीफ गौरी एवं मोईनुद्दीन बोवड़ी को चुना। अहमद हुसैन बोवड़ी, मोहम्मद रफीक जमावत को महामंत्री बनाया। हाजी अयूब भाई एल.एम.एल. को संगठन मंत्री, मोहम्मद साकिर जमावत को कोषाध्यक्ष, तथा मोहम्मद आमिर बोवड़ी और जलाल खान को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं समाज की आवाज़ को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने हेतु मेहबूब अली बोवड़ी को प्रवक्ता चुना गया।

हीराराम कलबी ने कार्यों की समीक्षा की

बालोतरा, (नि.सं.)। पंचायत समिति बालोतरा के सभागार में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारियों और कनिष्ठ सहायकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ग्रामीण विकास, पंचायती राज विभाग और विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो आवास स्वीकृत हो चुके हैं लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू करवाया जाए। उन्होंने समय पर जियोटैग सुनिश्चित करने और लाभार्थियों को द्वितीय व तृतीय किस्त जारी कर आवास पूर्ण करवाने पर बल दिया। साथ ही, मनरेगा के तहत श्रमिकों को 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन्होंने ग्राम पंचायतों में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने गलियों और मोहल्लों में आवश्यकतानुसार सोख्ता गड्ढे बनवाने की बात कही और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

बैठक में 15वें वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग (षष्ठम्) और सांसद-विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बजट घोषणा के तहत निर्माणाधीन अटल ज्ञान केंद्र और ओपन जिम के कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करने को कहा। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत उन्होंने निर्देश दिए कि दिसंबर 2025 तक सभी पेंशनरों का वार्षिक सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। क्लस्टर प्रभारी सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी ग्राम पंचायतों में चल रही योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। सहायक अभियंता चंद्र प्रकाश माथुर, अतिरिक्त विकास अधिकारी उकाराम पटेल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राधाकिशन, सहायक विकास अधिकारी शंकरलाल बोस, गणपत सिंह, रावताराम, सहायक लेखाधिकारी प्रेमसिंह सहित कई जने उपस्थित रहे।

सार-समाचार

टोल से मुक्त करने की मांग बताई

जालोर, (का.सं.)। शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की ओर से आज ग्राम मूडतरा सिली स्थित टोल प्लाजा पर पार्टी के जालोर जिला प्रमुख रूपराज़ पुरोहित के नेतृत्व में एकजुट होकर प्रदर्शन किया गया एवं राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी के नाम प्रोजेक्ट मैनेजर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि ग्राम मूडतरा सिली एवं आसपास के स्थानीय ग्रामीणों और किसानों को टोल शुल्क से पूर्ण रूप से मुक्त किया जाए। बताया कि यह टोल प्लाजा ग्राम की आबादी एवं सीमा क्षेत्र के भीतर स्थापित है, जिससे ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों एवं आम नागरिकों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए बार-बार टोल देना पड़ रहा है। खेती-बाड़ी, पशुपालन, शिक्षा, चिकित्सा एवं दैनिक आवश्यकताओं के लिए गांव से बाहर आना-जाना ग्रामीणों की मजबूरी है, ऐसे में टोल वसूली अन्यायपूर्ण, अव्यवहारिक और अमानवीय है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि टोल कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार, धमकी एवं जबरन वसूली की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, जिससे गांव में भय और असंतोष का माहौल बन रहा है। शिव सेना ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान शिव सेना (यूटीबी) जालोर जिला सचिव योगी शेषनाथ, जसवंतपुरा तहसील प्रमुख ऊमाराम पुरोहित, जालोर शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार सहित हरसन कुमार, मंशाराम, धुकाराम, जाकिर खान, चेलाराम देवासी, जवजी, तेजाराम, सरपंच ओंकार दास, रमेश, ओमपुरी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में टोल की मनमानी के खिलाफ आवाज बुलंद की। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसानों एवं ग्रामीणों के हित में टोल गेट के सामने लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

जे.डी.ए. दस्ते ने अतिक्रमण हटाए

जोधपुर, (कासं) । सर्वोच्च न्यायालय एवं जिला कलक्टर जोधपुर के निर्देशों की पालना में जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा जोजरी नदी की भूमि एवं नदी के समीप किए गए अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटाया गया। एसडीएम लूणी हसमुख कुमार, जेडीए तहसीलदार जोन-04 सुनिता चारण एवं तहसीलदार झंवर देवाराम के निर्देशन में राजस्व टीम एवं जेडीए दस्ते द्वारा शुक्रवार को भी जोजरी नदी में प्रदूषण रोकने के संबंध में सघन कार्यवाही करते हुए जोजरी नदी के समीप स्थित ग्राम राजेश्वर एवं मेलबा के खसरों में जोजरी नदी की भूमि पर किए गए विभिन्न अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त करते हुए नदी के समीप जेसीबी की सहायता से मिट्टी की पाल व माठ बनाई जा रही है। जेडीए दस्ते द्वारा मौके पर खातेदारों को सख्त हिदायत दी गयी कि नदी अथवा प्राधिकरण की भूमि पर किसी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नही करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, भू-अभिलेख निरीक्षक जेडीए लक्ष्मी उपाध्याय, सुरेश विश्नोई, धवा आरआई अर्जुनसिंह, बोरानाड़ा आरआई अनूप सिंह, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, योगेश गहलोत, पटवारी जेडीए विकास धायल, राजस्व पटवारी लूणावास खारां कार्तिक राठी, पटवारी धवा सूरताराम मय जेडीए दस्ते मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने मेले का जायजा लिया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के रामलीला मैदान (रावण चबूतरा) में आयोजित हो रहे 35वें पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026 का आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्टॉल्स व ऑपरेशन सिंदूर थीम पर आधारित विशेष डोम का अवलोकन किया। 25 दिसंबर से शुरू हुए इस 10 दिवसीय उत्सव में 15 डोम में 800 से अधिक स्टॉल्स लगाए ग